संख्या 1217/सैंतालीस–का–1–2023–13(2)2007

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक 26 दिसम्बर, 2023

विषय :– राज्याधीन सेवाओं में सृजित/उपलब्ध पदों को भरने हेतु "मेरिट" आधारित चयनों में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के सम्बंध में।

महोदय,

कार्मिक अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 04/2019/13(2)2007/का–1–2019, दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के प्रस्तर–7 के माध्यम से "मेरिट" आधारित चयनों में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के संदर्भ में अंकात्मक बेंचमार्क निर्धारित करने हेतु मूल्यांकन आदि की प्रक्रिया के सम्बन्ध में कतिपय सामान्य मार्गदर्शक सिद्धान्त/व्यवस्था निर्धारित की गई है।

2–सम्यक विचारोपरान्त यह पाया गया है कि जिन विभागों/पदों में, जिस अवधि की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के संख्यात्मक श्रेणीकरण (Numerical Grading) उपलब्ध हो, उन पर मेरिट आधारित चयन में पदोन्नति पर विचारण करते समय उक्त संख्यात्मक श्रेणीकरण के अंकों को यथावत जोड़ लिया जाना चाहिए। इस प्रकार वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों की पूर्व प्रचलित श्रेणीकरण यथा उत्कृष्ट, अतिउत्तम, उत्तम, संतोषजनक एवं खराब के साथ–साथ संख्यात्मक श्रेणीकरण (Numerical Grading) की हाइब्रिड व्यवस्था बनाए जाने के उद्देश्य से कार्मिक अनुभाग–1 के उपरिसंदर्भित शासनादेश दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के प्रस्तर 7(2) में प्रस्तर 7(2)(क) निम्नवत् जोड़ा जाता है;

"जिस अवधि की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि का संख्यात्मक श्रेणीकरण (Numerical Grading) उपलब्ध हो, उस अवधि हेतु (प्रत्येक 12 माह की अवधि हेतु) उक्त संख्यात्मक श्रेणीकरण के अंकों को यथावत जोड़ा जाएगा।"

3–उपरोक्त के आलोक में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "मेरिट" आधारित चयनों में उक्त परिवर्धित (Additional) सामान्य मार्गदर्शक सिद्धान्त/व्यवस्था को संज्ञान में लिया जाना सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,
दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव।

संख्या 1217/सैंतालीस–का–1–2023–13(2)2007, तद्दिनांक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1–समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
2–निदेशक, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश।
3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।
4–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 देवेश चतुर्वेदी,
अपर मुख्य सचिव।

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 1 सा0 कार्मिक–2024–(53)–1,000 प्रतियां (डी0टी0पी0/ऑफसेट)।